हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 नवंबर 2025

04 ज्वार खरीदी के 1116 ने कराया था पंजीयन...



08 संत भ्रम दूर कर ब्रम्ह के पास ले जाते हैं: मदनमोहन...





## खबर संक्षेप

### निर्माण संस्था पर 14 हजार रुपए का जुर्माना

**नर्मदापुरम।** कार्यालय सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम संभाग के निर्देशानुसार श्रम निरीक्षक सरिता साहू, द्वारा संस्थान भुगन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड द्वारा नर्मदापुरम में प्रचलित निर्माण कार्यस्थल का विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत निरीक्षण संपादित किया गया। निरीक्षण के दौरान पाये गये उल्लंघनों के विरुध्द् माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नर्मदापुरम के समक्ष अभियोजन दायर किया गया। प्रकरण में माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नर्मदापुरम द्वारा विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत राशि 14 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

### जल्द प्रारंभ होगा टीकाकरण अभियान

**नर्मदापुरम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जल्द ही ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन का टीकाकरण शुरू किया जाएगा। इस टीके का लक्ष्य 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी सभी बालिकाओं को है।

## कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने किया पिपरिया मंडी का निरीक्षण

# किसानों से भावांतर योजना के तहत खरीदी जा रही फसल की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना सोमवार को कृषि उपज मंडी पिपरिया पहुंचे। यहां उन्होंने भावांतर योजना के अंतर्गत खरीदी जा रही सोयाबीन फसल की स्थिति की जानकारी ली।

किसानों से भावांतर योजना से मिलने वाले लाभ के संबंध में आमने-सामने चर्चा की। कमिश्नर ने कृषि उपज मंडी पिपरिया में सोयाबीन की फसल बेचने आए किसानों से चर्चा की। इस दौरान भावांतर योजना के तहत मिल रही अंतर की राशि पर सभी किसानों से फीडबैक भी लिया। इस दौरान किसानों ने भावांतर योजना के तहत नगद भुगतान की मांग की तथा कहां की डीएपी मिलने में दिक्कत हो रही है। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं बताईं।

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना सोमवार को कृषि उपज मंडी पिपरिया पहुंचे उन्होंन भावांतर का जायजा लिया।



### योजना के बारे में की किसानों से चर्चा

कमिश्नर ने किसानों को समझाइश दी कि वह डीएपी की जगह उसका विकल एनपी के का उपयोग अपने खेतों में करें। कलेक्टर एवं कमिश्नर ने अधिकतम एवं न्यूनतम बोली वाले सोयाबीन का अवलोकन किया एवं उन किसानों से चर्चा की। कमिश्नर ने किसान घनश्याम यादव से चर्चा की। श्री घनश्याम यादव अपनी सोयाबीन बेचने मंडी पहुंचे थे। उनकी सोयाबीन अधिकतम 4322 रुपए प्रति क्विंटल पर बिकी। कमिश्नर ने उनसे भावांतर के संबंध में चर्चा की।

### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी

मंडी में मौजूद कुछ किसानों ने कमिश्नर से मांग की कि उन्हें डीएपी नहीं मिल पा रहा है और इस कारण से उन्होंने नगद में खाद उपलब्ध कराने की मांग की। डीएपी खाद वितरण में आ रही समस्याओं से सभी किसानों ने कमिश्नर एवं कलेक्टर को अवगत कराया। कमिश्नर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए की वो किसानों को खाद का वितरण समय पर उपलब्ध कराए। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि वह किसानों के लिए मंडी में सभी मूलभूत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए।कमिश्नर ने मंडी निरीक्षण के दौरान खाद और उर्वरक वितरण की स्थिति का अवलोकन किया। किसानों से जानकारी प्राप्त की। किसानों से प्राप्त जानकारी के आधार पर किसानों को समझाइश दी की एनपीके का उपयोग करें। कमिश्नर ने कहां की एनपीके भी डीएपी की तरह ही बेहतरीन खाद है।

### बारिश से भीगी फसल नहीं मिल पा रहे अच्छे दाम

मौके पर मौजूद मंडी सचिव ने बताया कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश से सोयाबीन की फसल में नुकसान पहुंचा है। सोयाबीन में नमी बनी हुई है, नमी के चलते किसानों को अक्सर सोयाबीन का बेहतर मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को पूर्व में भी समझाइश दी थी कि वह सोयाबीन को सांफ और स्वच्छ करके लाए ताकि उनकी उपज के भी अच्छे रेट मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, एसडीएम पिपरिया आकीप खान, उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ, डीएमओ मार्कफेड देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने सौंपा किसानों के हित में आठ सूत्रीय मांग पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी ने एक आवेदन कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी को सौंपा है। आवेदन में आठ सूत्रीय मांग पत्र सम्मिलित हैं।

आवेदन अनुसार नरवाई निष्पादन में उपयोगी उपकरण किसानों को जल्द उपलब्ध कराए जाएं। यदि उपकरण शासन उपलब्ध नहीं कराता है तो किसान नरवाई जलाने को बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। इसके अलावा रबी सीजन 2025-26 के लिए खाद व बीज उपलब्ध करने की मांग की गई है। आगे उल्लेख है कि मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से समर्थन मूल्य पर धान व गेहूं खरीदी करने का आग्रह किया था। लेकिन कांग्रेस की मांग है कि यह खरीदी राज्य सरकार करे। अगली मांग अनुसार रबी सीजन में फसल सिंचाई के लिए नहरों की उचित सफाई कराएं, ताकि टेल क्षेत्र में पानी मिले। 10 घंटे दी जाने वाली बिजली का वितरण मात्र दिन में ही करने की मांग की गई है। मक्का एवं सोयाबीन की फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की मांग करते हुए बासमती धान का खरीदी मूल्य 4500 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। अगली मांग है कि आदिवासी किसानों की वनाधिकार की भूमि पर खाद दिया जाए एवं इस पर उत्पादित उपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए। इस दौरान किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, पीसीसी प्रदेश महासचिव राजकुमार उपाध्याय, पूर्व नप ध्यक्ष संतोष मालवीय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, मंगलसिंह रघुवंशी, प्रांजल तिवारी, जमील खान आदि शामिल रहे।

# लांघा बम्हौरी खुर्द में श्री नर्मदा पुराण कथा आयोजन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के ग्राम लांघा बम्होरी में सोमवार से श्री नर्मदापुराण कथा आयोजन शुरू किया गया है। सुबह लगभग 10 बजे गांव में शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन 10 नवंबर 2025 से 16 नवंबर 2025 तक होगा। जिसमें प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक कथा आयोजित की जाएगी।

कथा प्रवक्ता पंडित गोपाल कृष्ण शास्त्री बनखेड़ी के श्रीमुख से कथा वाचन किया जाएगा। कथा में मातु श्री नर्मदा के महात्म्य, पुराण कथाएं व धार्मिक शिक्षाएं सुनाई जाएँगी। इस आयोजन के मुख्य आयोजक बलवान आरसे हैं। आयोजक परिवार से प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम दिन 16 नवंबर को कथा की पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

कथा आयोजक परिवार ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मातु श्री नर्मदा की कृपा प्राप्त करें।

# कॉलेज में किया फ्रेशर्स वेलकम पार्टी आयोजन विद्यार्थियों को दिए गए प्रवीणता के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री गजानन शिक्षा समिति एवं एवरग्रीन एजुकेशन सोसायटी कॉलेज किवलारी सोहागपुर ने गत दिनों कॉलेज में फ्रेशर वेलकम एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किये। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर सार्थक जैन तथा प्रशांत तावरी घोषित किये गए। मिस फ्रेशर शीतल मैहरा व राशि रघुवंशी बने। मिस-इव खिताब दीपशिखा पटेल को व मिस्टर-इव खिताब शुभम रघुवंशी को दिये गए। दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों को प्रवीणता पुरुस्कार दिये गए। जिनमें श्री गजानन शिक्षा समिति से प्रज्ञा पालीवाल, प्रसन्ना लाल व चंचल आम्रवंशी तथा एवरग्रीन एजुकेशन सोसायटी कॉलेज से स्वाति रघुवंशी व अजीत श्रीवास्तव शामिल हैं। कॉलेज प्राचार्या डॉ. कविता पटेल ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन केक काट के किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ व विद्यार्थी।




# मुलाकात: हाकम सिंह के रणनीतिक कौशल से प्रभावित नजर आए राहुल गांधी, लिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नर्मदापुरम के जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर के रणनीतिक कौशल से खासे प्रभावित नजर आए। पचमढ़ी में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने आए राहुल गांधी से पचमढ़ी हेलीपैड पर मुलाकात कर हाकम सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सपने को पूरा करने के लिए पंचायती राज को और अधिकार दिलाने को लेकर चर्चा की तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। हाकम सिंह गुर्जर नर्मदापुरम के वार्ड क्रमांक 9 से जिला पंचायत सदस्य हैं। हाकम सिंह गुर्जर ने मुलाकात के दौरान राहुल गांधी को बताया कि नर्मदापुरम में भाजपा का बहुमत होने के बावजूद उन्होंने बेहतर रणनीति बनाकर कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित करने में सफलता प्राप्त की। राहुल गांधी ने पूरी तल्लीनता के साथ हाकम सिंह की बात सुनी और उनसे काफी प्रभावित नजर आए। राहुल गांधी पूरी चर्चा के दौरान हाकमसिंह का हाथ पकड़े रहे।



# केन्द्रीय जेल में हुआ विधिक जागरूकता शिविर व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं तृप्ति शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में एवं विजय कुमार पाठक न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम की अध्यक्षता में नर्मदापुरम की निःशुल्क विधिक सहायता को आम जनता तक न्याय की पहुंच में लाने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के समन्वय से केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में विधिक जागरूकता शिविर एवं जेल बंदियों की मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता परिषद का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुनील जैन, चिकित्सा टीम सहित उपस्थित रहे। आयोजन में सचिव विजय कुमार पाठक द्वारा व्यक्त किया गया कि अधिक से अधिक जेलबंदी निःशुल्क विधिक सहायता से लाभन्वित होवें, एवं न्यायालय द्वारा निर्णय पारित होने के उपरांत अविलंब अपील विधिक सहायता के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बंदियों को प्राप्त विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली गयी, साथ ही डिफेंस काउंसिल द्वारा उनके प्रकरणों के संबंध में 'जानकारी प्रदान कर बंदियों की समस्या का निराकरण किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा बताया गया कि निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध मे अवगत कराया गया।




# सोहागपुर में चार दिवसीय प्रवास पर आए जैन मुनि बसंतजी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अखिल भारतीय तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के साधक इतिहास रत्नाकर अध्यात्म रत्न बाल ब्रह्मचारी श्रद्धेय बसंत जी महाराज सोहागपुर के प्रवास पर हैं। गत रात्रि में संत श्री सोहागपुर पहुंचे तथा सोमवार सुबह उन्होंने चैत्यालय में प्रवचन भी दिये हैं। जानकारी अनुसार संत का इस बार सोहागपुर में चार दिवसीय प्रवास हुआ है। पूज्य महाराज श्री के आगमन पर सोहागपुर जैन समाज ने स्टेशन पर उनकी मव्य आगवानी की। सोहागपुर जैन समाज से प्राप्त जानकारी के अनुसार सात, आठ व नौ फरवरी 2026 को नगर में भव्य आयोजन होने हैं। इन सभी तिथियों में जैन समाज सोहागपुर द्वारा जिनवाणी अस्थाप, जिनवाणी शोभायात्रा, कलशारोहण, वेदी सूतन के भव्य आयोजन होने हैं। जिसमें संपूर्ण भारत से तारण तरण दिगम्बर जैन समाज की उपस्थिति होगी।



# कांग्रेस संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर का 9वां दिन: संगठन की मजबूती और समन्वय पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी में चल रहे कांग्रेस संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन भी जारी रहा। शिविर में दिन की शुरुआत देशभक्ति गीत वंदे मातरम और झंडा वंदन के साथ हुई। साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह कोषाध्यक्ष विजय सिंगला ने संगठन के तंत्र को मजबूत करने पर बल दिया और कहा कि कांग्रेस का संगठन पार्टी की विचारधारा का जीवंत प्रतीक बताया।

एआईसीसी सीडब्ल्यूसी सदस्य और तेलंगाना प्रभारी सुश्री मीनाक्षी नटराजन जी ने सामाजिक संगठनों के साथ सहयोग और संवाद के माध्यम से जनसंपर्क तंत्र को सशक्त बनाने पर जोर दिया। शिविर में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन की मजबूती, कार्यक्रम विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। श्री पटवारी ने कहा कि ₹सकारात्मक सोच ही संगठन की मजबूती है₹ और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिला अध्यक्षों के अधिकारों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है।



# गौरव दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में गौरव दिवस सप्ताह के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं समूह खेल का आयोजन किया गया, तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में प्रथम दिवस 8 नवंबर से गोला फेक,भाला फेक शतरंज ,कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गई, समापन दिवस 10 नवंबर को समूह खेल में खो-खो (महिला /पुरुष) कबड्डी एवं पिट्टू प्रतियोगिताओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को महाविद्यालय प्राचार्य डाक्टर नीता चौबे द्वारा शुभकामनाएं दी और अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की प्रतिभा उभर कर सामने आती है, प्रत्येक विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल से जुड़े रहना चाहिए। उक्त प्रतियोगिताओं में समस्त महाविद्यालय परिवार व विद्यार्थियों की सहभागिता सराहनीय रही।

## अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट सहित कबड्डी तथा दंगल प्रतियोगिताओं को लेकर हुई बैठक

# लिये निर्णय- दिसंबर में कबड्डी प्रतियोगिता, जनवरी में होंगे दंगल व अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट, 27 जनवरी से 1 फरवरी तक चलेगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में होने वाले उत्कृष्ट खेल आयोजन अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट, कबड्डी तथा दंगल प्रतियोगिताओं का आयोजन दिसंबर तथा जनवरी माह में होगा।

सोहागपुर में होने वाले आगामी खेल आयोजनों को लेकर एक बैठक सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर में की गई। बैठक में तीनों आयोजनों को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए हैं। शीघ्र ही आयोजनों के लिये दायित्व वितरण भी आने वाले दिनों में किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट सोहागपुर में छह दशक से अधिक समय से जारी है तथा कबड्डी व दंगल प्रतियोगिताएं भी सोहागपुर की राज्य स्तरीय पहचान बन चुके हैं। इन तीनों ही आयोजनों को लेकर बैठक में निर्णय लिये गए है। इस दौरान कॉलेज समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, शासी निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, जयराम रघुवंशी, डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी अध्यक्ष हमीर सिंह चंदेल, बीके शर्मा, लक्ष्मीनारायण सोनी, विजय अग्रवाल, भानु तिवारी, शेर खान, कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, वीरेंद्र शर्मा, रूपनारायण शर्मा, अभिलाष सिंह चंदेल, हरिहर सिंह राजपूत, सैयद हामिद अली, आकाश रघुवंशी, शंकरलाल मालवीय, संजय खंडेलवाल, अश्विनी सरोज, अभिनव पालीवाल, अख्तर खान, शिरीष तिवारी, हेमराज सिंह नागा, दादूराम कुशवाहा, सालकराम सूर्यवंशी, रविशंकर उईके, पवन सिंह चौहान, विजय कुशवाहा, डॉ. अभिषेक सिंह चौहान व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### इस तरह होंगे आयोजन

बैठक में निर्णय लिया गया है कि सबसे पहले राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर 2025 को कॉलेज परिसर में किया जाएगा। इसके अलावा राज्य स्तरीय दंगल प्रतियोगिता कॉलेज में चार जनवरी 2026 रविवार को की जाएगी। जिसका दायित्व वरिष्ठ नागरिकों विजय अग्रवाल, आकाश रघुवंशी एवं शालकराम सूर्यवंशी को दिया गया है।

वहीं स्वर्गीय ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट 27 जनवरी 2026 से एक फरवरी 2026 तक नगर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित होगा। आगामी समय में इन आयोजनों से जुड़े दायित्वों का वितरण भी किया जाएगा। आयोजनों की संचालन समितियां गठित होंगी। वहीं सभी सहयोगियों को दायित्व दिये जाएंगे।

### समाजसेवी विनय मराठी का आकस्मिक निधन



**नर्मदा पुरम।** पंचवटी कालोनी निवासी समाजसेवी विनय मराठी का मुंबई में इलाज के दौरान रविवार को आकस्मिक निधन हो गया वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री मराठी का अंतिम संस्कार सोमवार को राजघाट पर किया गया, जहां उनके बड़े बेटे चिन्मय मराठी एवं प्रणव मराठी ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिकों सहित कालोनी वासियों ने उन्हें राजघाट पर दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार को इस संकट की घड़ी में संबल देने के लिए प्रभु से प्रार्थना की।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम को 150 वर्ष पूर्ण होने पर नपा में एक साथ गायन

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आवसर पर पदाधिकारियों की मौजूदगी में वंदेमातरम का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर रोजाना वंदेमातम गायन का संकल्प भी लिया गया। नगरपालिका कार्यालय में कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष, जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्र, शासकीय महाविद्यालय सारनी जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह, पार्षद दशरथ सिंह जाट एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम की उपस्थिति में वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद कॉलेज के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने वंदे मातरम के इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आजादी के पूर्व बंकीम चंद चटर्जी द्वारा वंदे मातरम की कविता के रूप में रचना की गई थी, लेकिन यह देश की आवाज बनकर उभरा। उसके बाद इसी गीत से देश को आजादी मिली। इसके बाद किन्हीं कारणों से इसके कुछ अंशों को काट दिया गया, लेकिन अब शासन ने इसके पूरे हिस्से को सही मानते हुए इसके गायन को मंजूरी दी है। इसलिए सभी को मिलकर वंदे मातरम का अधूरा नहीं बल्कि पूर्ण पाठ करना है। इस अवसर पर नगरपालिका के अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि वंदे मातरम ने देश आजादी के समय अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसलिए केंद्र सरकार ने इसके महत्व को समझते हुए वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर इसके गायन को लेकर अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि सतत अभ्यास से वंदेमातरम को पूरी तरह से कंठस्थ किया जा सकता हैं सभी को इसके सतत अभ्यास का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी केके भावसार, मनीष धोटे, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल, नितिन मीना, जीएस पांडे, विनायक बागड़े, दिलीप भालेराव, राजेश वागदरे सहित सभी शाखाओं के प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा

**बैतूल।** आमला पुलिस ने एक गांजा तस्कर को रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के पास से 1 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 11,700 है। पुलिस को रविवार देर शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम बोरी के आगे भूमका बाबा मंदिर के पास बोरी-सारणी रोड पर गांजा बेचने के लिए बैठा है। सूचना मिलते ही थाना आमला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम मौके पर रवाना की। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास एक सफेद झोले में मादक पदार्थ गांजा मिला। उपस्थित साक्षियों के सामने पदार्थ की पहचान गांजे के रूप में की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सागर वनखेडे, पिता स्व. राजू वनखेडे, उम्र 18 वर्ष 7 माह, निवासी बगडोना बस्ती, थाना सारणी बताया। आरोपी के खिलाफ थाना आमला में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सिकल सेल रोगियों के लिए विशेष फॉलो-अप कैंप आयोजित

**बैतूल।** सिकल सेल रोग से पीड़ित मरीजों के उपचार और निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैतूल जिले में विशेष फॉलो-अप स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर आज (सोमवार) से शुरू होकर 13 नवंबर तक जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पताल बैतूल में लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में सिकल सेल रोगियों के लिए निःशुल्क जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें सीबीसी, आरएफटी, एलएफटी जैसी सामान्य जांचें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मरीजों को हाइड्रोक्सीयूरिया और फोलिक एसिड जैसी आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त प्रदान की जाएंगी।

## किसान संघ ने मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की रखी मांग

# ज्वार खरीदी के 1116 ने कराया था पंजीयन, जांच में 25 ही असली निकले

संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल



**बबैतूल। बैतूल जिले में समर्थन मूल्य पर ज्वार खरीदी के नाम पर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। जांच में पता चला है कि खरीदी माफिया ने बटाईदारी (सिकमी) के नाम पर फर्जी किसानों का पंजीयन कराकर सरकारी खरीदी में करोड़ों का नुकसान पहुंचाने की साजिश रची थी।**

प्रशासनिक जांच में खुलासा हुआ कि ज्वार बेचने के लिए कुल 1169 किसानों ने पंजीयन कराया था, लेकिन खेतों के सत्यापन के बाद केवल 25 पंजीयन ही वास्तविक पाए गए। बाकी 1144 पंजीयन फर्जी पाए जाने पर निरस्त कर दिए गए। अगर यह पंजीयन पास हो जाते तो सरकार को लगभग 60 करोड़ से अधिक का नुकसान या कहे कि चूना लग जाता होता। दरअसल जिले में समर्थन मूल्य पर ज्वार खरीदी को लेकर किसानों ने बड़ी संख्या में पंजीयन किये थे। पंजीयन तो हजारों की संख्या में हुए थे, लेकिन ज्वार की बोवनी केवल 25 किसानों ने ही की थी। कलेक्टर बैतूल की सूझबूझ से इस तरह का फर्जीवाड़ा सामने आ सका। यह फर्जीवाड़ा ज्वार खरीदी के समय उजागर होता, तो पूरे प्रदेश में बैतूल की छवि धूमिल होती।

### शिकवे-शिकायतों के बाद हुई जांच, सामने आया फर्जीवाड़ा

इस मामले में शिकवा शिकायत के बाद कलेक्टर द्वारा करवाई गई जांच में 1169 में से सिर्फ 25 पंजीयन ही वैध पाए गए है। 1144 पंजीयन निरस्त तो कर दिए गए है, लेकिन अभी तक फर्जी पंजीयन करने और करवाने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। किसान संघ का कहना है कि बाजार रेट से दोगुने दाम पर समर्थन मूल्य में ज्वार खरीदने के निर्णय से ज्वार बेचने सिडिंकेट सक्रिय हो गया था। इस सिंडिकेट के व्यापारियों ने राजस्व और सहकारी समिति से मिलीभगत कर बड़ी संख्या में पंजीयन भी करवा लिए थे। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इसमें राजनेताओं से जुड़े व्यापारियों के नाम होने से कार्रवाई में देरी हो रही है।

### महाराष्ट्र से सस्ती ज्वार लाकर बेचने की थी योजना

जांच में यह भी सामने आया कि जिले के कुछ व्यापारी और रसूखदार महाराष्ट्र से सस्ती ज्वार (1700-1800 प्रति क्विंटल) खरीदकर उसे बैतूल जिले में समर्थन मूल्य 3699 प्रति क्विंटल पर बेचने की तैयारी में थे। फर्जी पंजीयन इन्हीं लोगों ने बटाई या सिकमी किसानों के नाम पर कराए थे। कई असली किसानों को यह तक पता नहीं था कि उनके नाम से खरीदी के लिए पंजीयन करा दिया गया है। कृषि विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक जिले में ज्वार की वास्तविक खेती केवल 1500 हेक्टेयर में हुई, जबकि सहकारी समितियों में इसे 5234 हेक्टेयर बताया गया। इसी आधार पर 1169 किसानों के नाम पंजीयन किए गए, जबकि पिछले वर्ष केवल 210 किसानों ने ज्वार बेचने के लिए पंजीयन कराया था।

### फर्जी पंजीयन नहीं हुई कार्रवाई

समर्थन मूल्य पर ज्वार बेचने, किए गए पंजीयन में किसान का नाम, यदि हो तो अथवा ठेकानामा वाले किसान का नाम के साथ ही आधार कार्ड, बैंक डिटेल्स, मोबाईल नम्बर भी दर्ज है। इतना ही नहीं, गिरदावरी में ज्वार की फसल दर्शाने वाले कर्मचारियों और पंजीयन करने वाले कर्मचारियों के नाम भी है। इसके बावजूद फर्जी पंजीयन करवाने वालों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे इनके हौसले बुलंद है और भविष्य में भी इस प्रकार के फर्जीवाड़े किए जा सकते है। किसान संघ ने फर्जी पंजीयन करने और करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में शासन की योजनाओं का लाभ सही सही किसान को मिल सके। किसान संघ का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा जैसा कि केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था कि केंद्र की निगरानी में उनके आधार पर सोसायटी के माध्यम से ज्वार, मक्का, धान, गेहूँ आदि की खरीदी होनी चाहिए, जिससे कि इस प्रकार के फर्जीवाडे पर रोक लगाई जा सके।

### सरकार को होता करीब 60 करोड़ से अधिक का नुकसान

जिले में 5234 हेक्टेयर के पंजीयन के आधार पर औसतन प्रति हेक्टेयर 18 क्विंटल ज्वार उत्पादन मानें, तो लगभग 3.6 लाख क्विंटल ज्वार खरीदी जाती। बाजार मूल्य (1800 प्रति क्विंटल) और सरकारी दर (3699 प्रति क्विंटल) के बीच के अंतर से सरकार को लगभग 64 करोड़ का नुकसान होता। बताया गया कि अधिकांश फर्जी पंजीयन भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी और बैतूल क्षेत्र से जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार यहां के कुछ प्रभावशाली लोगों ने किसानों के नाम पर फर्जी बटाई नाम तैयार कर खरीदी का लाभ उठाने की कोशिश की। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अब तक न तो फूड विभाग ने तहसीलदारों को कोई औपचारिक पत्र भेजा है, न ही किसी थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। सूत्रों का कहना है कि विभागीय स्तर पर इस बड़े घोटाले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

**ब्लॉकवार स्थिति**

| ब्लॉक | कुल पंजीयन | सही पंजीयन |
|---|---|---|
| घोड़ाडोंगरी | 198 | 0 |
| बैतूल ग्रामीण | 150 | 2 |
| शाहपुर | 92 | 2 |
| भीमपुर | 166 | 15 |
| आठनेर | 193 | 0 |
| चिचोली | 83 | 3 |
| प्रभातपट्टन | 136 | 1 |
| आमला | 31 | 0 |
| मुलताई | 6 | 2 |
| भैंसदेही | 51 | 0 |
| कुल | 1116 | 25 |

**नोटिस जारी किए हैं**

किसानों द्वारा करवाए गए पंजीयनों का सत्यापन करने के बाद वास्तविक किसानों की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है तथा पटवारियों को इस संबंध में नोटिस भी जारी किए गये है कि वे ऐसी स्थिति को लेकर अपना जवाब प्रस्तुत करें और आगे ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए प्रयास करें।

-डॉ. अभिजीत सिंह, एसडीएम बैतूल

हमारे क्षेत्र में 290 किसानों के पंजीयन हुए थे, लेकिन जांच में केवल दो किसान ही वास्तविक पाए गए। बाकी रकबे में ज्वार की फसल थी ही नहीं। अभी सिर्फ रकबे की जांच हुई है, सिकमी या बटाई दारों की जांच बाकी है। पहले चरण में लगभग 50 प्रतिशत पंजीयन सही बताए गए थे, लेकिन कलेक्टर के आदेश पर पुनः जांच में लगभग सभी फर्जी निकले। यदि फूड विभाग से रिपोर्ट मिलती है तो एफआईआर कराई जाएगी, पर अब तक कोई पत्र नहीं मिला है।

- **जीडी पाटे**, तहसीलदार बैतूल

## पुलिस की कार्रवाई, वाहन जब्त

# महाराष्ट्र ले जाए जा रहे बैल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**भौंरा।** पुलिस चौकी भौंरा प्रभारी उप निरीक्षक नीरज खरे के नेतृत्व में रविवार को मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में दो बैलों को अवैध रूप से महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रही एक पिकअप वाहन को धार के पास पकड़ा गया। वाहन क्रमांक एमपी 05 जी 8695 में बैलों को बेरहमी से हाथ-पैर बांधकर ठूंस दिया गया था। पुलिस ने मौके से दोनों बैलों को मुक्त कराया, वाहन जब्त किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोलू मर्सकोले निवासी पाठानदी पाडर एवं इमारत धुर्वे निवासी मलशिवनी पाडर के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बैलों को महाराष्ट्र के कत्लखाने में बिक्री के लिए ले जाने की बात स्वीकार की। इस पर पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 429 (पशुओं को हानि पहुँचाना या मारना) तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(घ) के तहत मामला दर्ज किया है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीरज खरे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप में दो बैलों को बांधकर महाराष्ट्र भेजा जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए नाकाबंदी की और धार के पास वाहन को रोक लिया। उन्होंने कहा कि पशुओं के प्रति किसी भी प्रकार की क्रुरूरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इस तरह की गतिविधियों में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक तिलवरिया, आरक्षक धीरज कारे, आरक्षक जयकिशन तथा सैनिक रामभाऊ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की इस मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## सकारात्मक सोच का विज्ञान विषय पर कार्यक्रम

# हर विचार में हमारी भविष्य की परिस्थिति का बीज होता हैः सूरज




**बैतूल।** ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवाकेंद्र भाग्यविधाता भवन में सकारात्मक सोच का विज्ञान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार सूरज भाई ने कहा कि सकारात्मक सोच कोई कल्पना नहीं, बल्कि आत्मा की मौलिक अवस्था और विज्ञान दोनों है। जैसे हर बीज में वृक्ष की संभावना छिपी होती है, वैसे ही हर विचार में हमारी भविष्य की परिस्थिति का बीज होता है। हम जैसा सोचते हैं, वैसा अनुभव करते हैं और वैसे ही जीवन और चरित्र का निर्माण होता हैं। इस अवसर मुख्यालय माउंट आबू से ही पधारी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा कि राजयोग ध्यान ही वह प्रयोगशाला है जहां हम अपने विचारों को शुद्ध और सशक्त बनाना सीखते हैं, ध्यान से मन स्थिर होता हैं। जिससे सकारात्मक दिशा में कार्य करने की शक्ति मिलती हैं, और उससे जीवन की हर समस्या पर विजय प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डीडी उईके, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर,भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, डॉ.मनीष लश्करे, तहसीलदार गोवर्धन पाठे, गुरुद्वारा गुरु सिंग सभा बैतूल के प्रधान सरबजीत सिंह वालिया सहित शहर की अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को राजयोग मेडिटेशन सीख कर श्रेष्ठ जीवन का निर्माण करने की सलाह दी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतेंः प्रभारी कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएं। शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते। एक-एक शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक समाधान पर विशेष ध्यान दें।

यह निर्देश सोमवार को जिला पंचायत में आयोजित समयसीमा की बैठक में प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने सभी जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री जैन ने लोक निर्माण विभाग, आबकारी, जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य इत्यादि विभागों को शिकायतों के निराकरण में गति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों और जनपद सीईओ को भी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी अपने ब्लॉक स्तरीय अमले को फील्ड पर भेजकर शिकायतों का निराकरण कराएं। 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण में भी विशेष ध्यान दें। कोई भी शिकायत नोट अटेंड नहीं रहे। ऐसा पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा कर मतदाताओं की मैपिंग, गणना पत्रक के वितरण इत्यादि की भी सभी एसडीएम से जानकारी लीं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की मैपिंग में जिले ने अच्छी प्रगति हासिल की हैं। इसी गति को बनाए रखें, पूरी गंभीरता से मतदाताओं को गणना पत्रक के वितरण और भरे हुए गणना पत्रक के एकत्र करने के कार्य को संपन्न किया जाएं। विशेष गहन पुनरीक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### कोरकू समाज का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**शाहपुर।** ग्राम मगरडोह में कोरकू समाज के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कोरकू समाज के मिलन समारोह में दूर-दूर एवं दूसरे जिलों और ग्रामों से भी समाज के व्यक्ति शामिल हुए। मिलन समारोह में मुख्यतः कोरकू समाज के उत्थान और शिक्षा के महत्व पर अत्यधिक जोर दिया गया। जिससे समाज का उत्थान हो सके और समाज के लोगों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सके। सभी को अपने बच्चों के शिक्षा पर विशेष रूप से जोर देने के लिए विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ सेवानिवृत फूलचंद बारस्कर, झाम सिंह बारस्कर लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री बैतूल, जिला जनपद सदस्य नर्मदापुरम सीमा कासदे, जिला जनपद सदस्य बैतूल श्रीमती बिलकिस बारस्कर, भूरेलाल चौहान, ललित बारस्कर, दिनेश बारस्कर, नेहरू मवासे, तेजा बारस्कर, दुर्गेश, आदि कोरकू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# निर्धारित दाम से अधिक में खाद का विक्रय न होः प्रभारी कलेक्टर जैन

## प्रभारी कलेक्टर ने सहकारी समिति का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



किसानों को उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए जिले में सख्त मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने सोमवार को पाढर में सहकारी समिति और निजी उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि उर्वरक का विक्रय केवल निर्धारित दर पर ही किया जाए। अधिक दाम वसूलने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रभारी कलेक्टर श्री जैन ने सहकारी समिति पाढर में यूरिया, डीएपी सहित उपलब्ध उर्वरकों का बारीकी से निरीक्षण किया और स्टॉक को रजिस्टर से मिलाया। खाद विक्रय रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर किसान शोभाराम उईके की खरीदी पॉस मशीन से चेक की और रैक प्वाइंट से समितियों तक आपूर्ति की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि समितियों में उर्वरक खत्म होने की स्थिति न बने। स्टॉक कम होने पर समिति प्रबंधक 3 से 4 दिन पहले वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दें, ताकि समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। समितियों में उपलब्धता और वितरण की सतत मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से बातचीत कर यह जाना कि उन्हें खाद समय पर और बिना किसी दबाव के मिल रहा है या नहीं। उन्होंने सभी समितियों में खाद की विक्रय दर स्पष्ट रूप से डिसप्ले करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मालवीय कृषि ट्रेडर्स सहित निजी उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया। यहां भी पॉस मशीन, बिक्री रजिस्टर और स्टॉक की जानकारी का मिलान किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि दुकानों में निर्धारित मूल्य सूची, हेल्पलाइन नंबर और किसानों के लिए जरूरी जानकारी बैनर पर अवश्य प्रदर्शित की जाए। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि कोई भी दुकान निर्धारित दाम से अधिक पर खाद नहीं बेचे। शिकायत मिलने पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया, जिला सहकारी बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीता निगम, डीएमओ मार्कफेड प्रदीप ग्रेवाल, सहायक यंत्री कृषि अभियांत्रिकी गोविंद मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय सारनी में हुआ बैग रहित दिवस का आयोजन



**सारनी।** केन्द्रीय विद्यालय सारनी में सोमवार को जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत नृत्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बैग रहित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में छात्राओं ने सारनी डंगुडा धुआं री सांगो शीर्षक से नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें सारनी की पहचान—पावर प्लांट और स्थानीय जनजातीय संस्कृति-को सुंदर ढंग से दर्शाया गया। नृत्य प्रस्तुति का निर्देशन उदय सिंह और केशव तिवारी ने किया। दूसरे चरण में कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने ग्राम भारती हत्रह्न, शोभापुर का शैक्षिक भ्रमण किया, जहां उन्होंने ग्राम विकास, स्वावलंबन और सामाजिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की।


## सेंड आर्टिस्ट और मुंबई की म्यूजिकल टीम का होगा कार्यक्रम

# बालाजीपुरम में एक लाख का जूडी अवार्ड शो आज



**बैतूल।** जिस घड़ी का लंबे समय से इंतजार था वह घड़ी आखिर आ ही गई। अब कल मंगलवार 11 नवंबर को उस पहली जूडी अवार्ड विजेता का नाम घोषित होगा जिसने घर-परिवार और समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया। भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल मप्र में द जूडी अवार्ड फाऊंडेशन के व्दारा कल मंगलवार 11 नवंबर को ऐसी किसी घरेलू महिला को एक लाख रूपये के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा जिसने घर-परिवार के साथ समाज के लिए कुछ योगदान देने का प्रयास किया। इसके साथ ही नामांकित करने वाले को भी 25 हजार के इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। फाउंडेशन के संयोजक सुनील व्दिवेदी और रितेश शुक्ल ने बताया कि 11 नवंबर मंगलवार शाम को 5 बजे से द जूडी अवार्ड शो आरंभ होगा। इसमें मुंबई से आए सेंड आर्टिस्ट जयेश बोरसे अपना प्रदर्शन करेगे। वहीं डाक्युमेंटरी भी दिखाई जाएगी। इसके साथ अवार्ड की घोषणा होगी और उसके बाद म्युजिकल शो होगा। सभी के भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। बालाजीपुरम के प्रमुख पुजारी असीम पंडा स्वामी ने बताया कि ठंड को देखते सभी के कुर्सियों की और अलाव की व्यवस्था की गई है।

# भागवत कथा वाचिका का किया सम्मान और स्वागत



**शाहपुर।** भागवत कथा वाचिका नित्या किशोरी शर्मा बुधनी के आगमन की खबर सुनकर महिला भक्तों का जत्था स्वागत और सम्मान के लिए पहुंचा। सभी ने बारी-बारी से भागवत कथा वाचिका नित्या किशोरी शर्मा बुधनी के चरण पखारे और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान राधे कृष्णा का पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात मिठाई का भोग भी लगाया गया। भागवत कथा वाचिका नित्या किशोरी शर्मा बुधनी ने बताया कि 10 नवंबर से नगर आमला में उनकी भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। भागवत कथा वाचिका नित्या किशोरी शर्मा बुधनी ने सभी को सुखमय जीवन प्रगतिशील जीवन और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

## संक्षेप खबर

### रेलवे क्रॉसिंग में ओवर अंडर ब्रिज की मांग



**इटारसी।** बिछुआ निवासी समाजसेवी ऋषभ दुबे ने क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी को ज्ञापन देकर गुर्रा रेलवे क्रॉसिग पर ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज स्वीकृत करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि इटारसी-जबलपुर रेलवे लाईन पर पहला स्टेशन गुर्रा पड़ता है जिसमें कई वर्षों से रेलवे फाटक है एवं रेलवे फाटक से दो दर्जन ग्रामवासी, छात्र-छात्राओं का इटारसी आना-जाना होता है। यह फाटक कई बार बहुत देर तक बंद रहता है।

### एसडीएएम कॉलेज में विश्व विज्ञान दिवस मना

**सिवनी मालवा।** एसडीएएम कॉलेज, सिवनी मालवा के विज्ञान विभाग द्वारा विश्व विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने एवं विज्ञान के महत्व को समझाने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### समरस्ता युवा मंच का अनूठा आयोजन, अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिला सम्मान

# विधायक ने स्वच्छतादूतों के साथ भोजन कर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

समरसता युवा मंच द्वारा सोमवार को प्रिंस पैराडाइज गार्डन, में समरसता मिलन एवं सहभोज का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के 350 से अधिक स्वच्छता दूतों के साथ पूर्व मप्र विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने भोजन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। डॉ शर्मा के साथ ही लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने एक ही पंक्ति में बैठकर सहभोज कर सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण पेश किया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि समरसता केवल एक भाव नहीं, बल्कि यह भारतीय समाज की आत्मा है। हमें इस 'सह-भोज' को आगे बढ़ाकर 'सहज-भोज' की दिशा में ले जाना है जहां हम अपने स्वच्छता दूत भाई-बहनों के घर जाकर उनके साथ भोजन करें, उन्हें अपने घर आमंत्रित करें और आत्मीय संबंधों के सूत्र जोड़ें। संघ के






शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन में 'सामाजिक समरसता' एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयाम है, क्योंकि एक समर्थ, सशक्त और संगठित भारत के निर्माण के लिए समरस समाज ही आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच भेदभाव मिटेगा और आत्मीयता का भाव बढ़ेगा, तभी सच्चे अर्थों में एकात्म समाज की स्थापना होगी। कार्यक्रम में संघ के विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समरसता युवा मंच द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में समानता और सद्भाव का जीवंत उदाहरण है। इस प्रकार के आयोजन समाज के विविध वर्गों के बीच आत्मीयता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे, वाल्मीकि गुरुद्वारा कमेटी के प्रमुख रमेश माहोरिया नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ऋतु मेहरा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना सभापति राकेश जाधव ने प्रस्तुत की, संचालन समरसता युवा मंच के संयोजक अभिषेक तिवारी ने किया तथा अध्यक्ष मनजीत कलोसिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हरप्रीत छाबड़ा, पार्थ राजपूत, अजय सिंह तोमर, कुलदीप रघुवंशी सहित मंच के कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न समाजों, संगठनों और क्षेत्र के सभी वर्गों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### समानता सद्भाव का संदेश

समरसता युवा मंच की यह पहल समाज में समानता, सद्भाव और आत्मीयता का सशक्त संदेश लेकर आई। इस आयोजन में समरसता युवा मंच के सभी साथी, आयोजन समिति के सदस्य, सम्मानीय स्वच्छता दूतों के साथ बड़ी संख्या में शहर के नागरिक सहभागी बनें। उल्लेखनीय है कि समरसता युवा मंच का वर्ष 2017 में गठन हुआ था एवं तभी से यह समूह सामाजिक समरसता के क्षेत्र में सक्रियता से अपना योगदान देता आ रहा है।

## कागज पर हटा पक्का अतिक्रमण मौके पर हालत जस के तस बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में कब्रिस्तान एवं शमशान घाट की लगभग 2 एकड़ जमीन पर शवदाह गृह बनना थे। लेकिन लोगों ने कब्जा कर लिया है। लगभग 1 एकड 550 डिसमिल जमीन पर 3भाईयो का कब्जा है। जिसमें पक्का मकान बना हुआ है अन्य सभी शामिल में आम का बगीचा है। साथ ही अन्य ट्रेक्टर ट्राली सहित किसानी का सामान रखा हुआ है। जिसमें फैंसिंग भी है। उसी के पीछे लगभग 9 मकान भी बने हैं। जिसमें कुछ लोगों ने पक्का मकान दुकान भी बना लिए हैं। इस मामले की जांच एवं तत्काल कार्रवाई के लिए अपर तहसीलदार ने आदेश जारी कर दिया। अतिक्रमण हटाने को लेकर टीम का गठन किया गया। राजस्व निरीक्षक संतोष ठाकुर, पटवारी विकास खोटे, प्रियंका सराठे सचिव, प्रदीप पांडे रोजगार सहायक, कोटवार रमेश कुमार एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में जांच की गई। कब्जा धारी के घर पर बैठकर पंचनामा तैयार किया गया। जिसके बाद लोगों को सिर्फ फैंसिंग हटाने को कहा गया और चूना डाला गया था। 3 दिन का समय-समय दिया गया था। फिर भी अभी तक शासन के नियमानुसार कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपसी सहमति से कागज़ पर अतिक्रमण हटा दिया गया है। पटवारी विकास खोटे ने बताया कि पंचनामा तैयार कर अधिकारी को सोपा गया है। अधिकारी जैसे आदेश जारी करेंगे वैसे कार्यवाही की जावेगी। किरार समाज के अध्यक्ष भगवंत सिंह पटेल का कहना है पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पौधे लगाने वाले ही फल खाएं तो इस बात को लेकर हि आम के पौधे लगाए गए हैं। राजनैतिक दबाव में आकर अतिक्रमण मौके पर नहीं हटाया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने कहा कि मामला नायब तहसीलदार के कार्यालय में है। प्रतिवेदन प्रस्तुत करने अपील के बाद ही आगे कार्रवाई की जा सकती है।

## 'गीत गाता हूं मैं' कार्यक्रम में निनाद सिंगर्स ने दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संगीत संस्था 'निनाद सिंगर्स' द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महान गायक किशोर कुमार को समर्पित कार्यक्रम 'गीत गाता हूं मैं -ए ट्रिब्यूट टू किशोर कुमार' का भव्य आयोजन ऑडिटोरियम में किया गया। देर रात तक चले इस संगीतमय कार्यक्रम में निनाद सिंगर्स के कलाकारों ने किशोर दा के एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में निनाद सिंगर्स के संरक्षक और मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. जितेंद्र ओझा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में निनाद सिंगर्स ग्रुप ने मिलकर सदाबहार गीत 'जिंदगी एक सफर' प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में आलोक गिरोटिया, अमिताभ बैस, संजय दीवान, चंद्रेश मालवीय, अजय राज, अभिमन्यु बैस, शशांक बैसाखिया, विशाल पांडेय, राधिका राणा और श्वेता पगारे ने अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा।


## जमानी रोड की समस्या गंभीर, आवारा पशुओं के जमावड़े से हादसों का खतरा बढ़ा, निवासियों ने प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जमानी रोड को वर्मा कॉलोनी, गोकुलधाम कॉलोनी, वृन्दावन विहार कॉलोनी और कैलाश विहार कॉलोनी से जोडऩे वाला मुख्य मार्ग इन दिनों एक गंभीर और अप्रत्याशित समस्या के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। निवासरत कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया है कि एक एक महिला द्वारा अत्यधिक संख्या में आवारा पशुओं (गाय, बैल, सांड व कुत्ते) को भोजन दिए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

**'रोड हुई नष्ट, घर के सामने 24 घंटे कब्जा'**

कॉलोनी वासियों के अनुसार, एक स्थानीय निवासी महिला अपने घर के सामने ही बड़ी संख्या में आवारा जानवरों को भोजन, बिस्किट और अंडे खिलाती हैं। हालांकि, वह



स्वयं तो गेट बंद कर लेती हैं, लेकिन ये सभी जानवर उनके घर के सामने मुख्य मार्ग पर 24 घंटे खड़े रहते हैं। प्रभावित लोगों का कहना है कि इन पशुओं के लगातार जमावड़े के कारण न केवल मार्ग पूरी तरह से नष्ट हो गया है, बल्कि राहगीरों को भी अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते-होते बचे हैं, और कुछ गंभीर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

**जनप्रतिनिधियों से गुहार, पर समाधान शून्य**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित महिला को कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं हैं। इसके बजाय, विरोध करने पर वह 112 डायल कर पुलिस को बुला लेती हैं, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो जाती है। समस्या के निदान हेतु कॉलोनी वासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी और वार्ड 2 के पार्षद व उपाध्यक्ष से भी कई बार चर्चा की, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

कॉलोनी वासियों ने सामूहिक रूप से विनम्र निवेदन किया है कि जिम्मेदार अधिकारियों को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किए बिना, इस गंभीर मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

**कॉलोनी वासियों की मांग**

समस्या से त्रस्त सभी प्रभावित कॉलोनी वासियों ने सामूहिक अपील करते हुए कहा है, 'हम सभी प्रभावित कॉलोनी वासियों का विनम्र निवेदन है कि इस संबंध में विधि पूर्वक नगरपालिका द्वारा उचित कार्रवाई की जावे।' उनकी मांग है कि मुख्य मार्ग को सुरक्षित बनाने और आम जनता की परेशानी को दूर करने के लिए प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप करे।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम




**सिवनीमालवा।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। देशभर में इस हेतु समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित करते हुए भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका और इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रदर्शित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि वंदे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्ष भर विविध गतिविधियों चार चरणों प्रथम 07 से 14 नवंबर 2025 शुभारंभ, द्वितीय 19 से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, तृतीय 7 से 15 अगस्त 2026 हर घर तिरंगा अभियान के साथ चतुर्थ चरण 01 से 07 नवंबर 2026 समापन सप्ताह में व्यापक रूप से आयोजित किये जाने के निर्देश है। इसी के अंतर्गत सोमवार को नपाध्यक्ष रितेश जैन द्वारा वंदे मातरम का सम्पूर्ण गायन स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा सभाकक्ष में कराया गया। साथ ही गीत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व एवं भूमिका के वारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित थे।

## आत्मिनर्भर भारत संकल्प यात्रा व सरदार 150 यूनिटी मार्च का समापन, सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नेतृत्व में निकली "आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा एवं सरदार 150 यूनिटी पैदल मार्च" का रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक, न्यास कॉलोनी इटारसी में समापन हुआ। यात्रा के अंतिम पड़ाव पर सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर सहित न्यास कॉलोनी के वार्डवासियों ने गर्मजोशी से यात्रा का स्वागत किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे,



नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नर्मदापुरम नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी, निर्मल सिंह राजपूत, मयंक महतो, सागर शिवहरे, गोकुल पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं भाजपा नेता पीयूष शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के त्याग, समर्पण और अखंड भारत की परिकल्पना को याद किया।इस अवसर पर विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि "सरदार पटेल ने भारत की एकता और अखंडता की जो नींव रखी, वही आज के भारत की मजबूती का आधार है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए।"यात्रा के समापन अवसर पर सांसद चौधरी ने कहा कि "यह यात्रा केवल भाजपा कार्यकर्ताओं की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। इसका उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृतियों को जन-जन तक पहुंचाना और राष्ट्र की एकता के संकल्प को मजबूत करना है।"

कार्यक्रम का संचालन मनीष ठाकुर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने किया। यात्रा के समापन के साथ उपस्थित जनसमूह ने "एक भारत – श्रेष्ठ भारत" के संकल्प के साथ सरदार पटेल अमर रहें के नारों से वातावरण गूंजा उठा।

## शहीद भगत सिंह कालेज में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगतसिंह महाविद्यालय पिपरिया में भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें लगभग पांच दिवसीय समागम शुरू किया गया। रविवार को चौथे दिवस पर शहीद भगतसिंह कालेज के प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी के मार्गदर्शन में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तत्वावधान में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अनिता सेन के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ एसके मेहरा, एसके बघेल, एके राकेशिया, कैलाश नामदेव सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई इटारसी ने किया नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई इटारसी की मासिक बैठक जयश्री महंत के निवास पर अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया, जिसे समस्त महिला इकाई ने अपनी गरमजोशी और स्नेह से यादगार बना दिया। बैठक में जयश्री महंत ने संगठन की गतिविधियों और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को समाजसेवा और महिला उत्थान में और भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागतःसभी सदस्यों ने नवनियुक्त



जिला अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल का पुष्पगुच्छ, बुके, और माला से सम्मान करते हुए भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग और स्नेह से ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगी। महिलाओं के उत्थान और सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करना ही हमारा ध्येय है। साथ ही इस मीटिंग में नये अध्यक्ष और नयी कार्यकारिणी के गठन पर विचार-विमर्श हुआ।

## न्यायोत्सव कार्यक्रम में आपसी समझौते से मामलों को निपटाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी के तत्वावधान में सोमवार को 'न्यायोत्सव' विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल न्यायालय इटारसी स्थित मीडिएशन सेंटर में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने का आव्हान अनीता खजूरिया, प्रथम जिला एवं सेशन न्यायाधीश इटारसी द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर हम सभी को मिलकर पक्षकारों को समझाइश देकर उनकी आपसी सहमति के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का समाधान कराने का प्रयास करना चाहिए। इससे समाज में आपसी वैमनस्यता कम होगी और सोहार्द का वातावरण निर्मित होगा। श्रीमती खजूरिया नें अपने उदबोधन में यह भी कहा कि समाज में व्याप्त अनेक बुराईयों को आपसी संवाद और सामंजस्य से समाप्त किया जा सकता है। इसके लिए अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। प्रथम जिला न्यायाधीश ने




उपस्थित अधिवक्ताओं को आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत हेतु न्यायालय में आने वाले पक्षकारों को लोक अदालत की जानकारी देकर, उनके प्रकरणों को समझौते के माध्यम से समाप्त कराये जाने के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश चौरे, जेके जैन, पीएस राजपूत, कंचनलाल मेहरा, संतोष बरखने एवं अन्य अधिवक्ता संघ के सदस्य तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में युवा संवाद

## आत्मनिर्भर भारत की नींव में युवाओं की भूमिका पर चर्चा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, इटारसी में 'आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के लक्ष्य को लेकर एक सार्थक युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में युवा शक्ति को देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें स्वरोजगार के महत्व से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में नर्मदापुरम-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थिति रहे। साथ ही मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं संस्था विधायक प्रतिनिधि जय किशोरी चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा



जिलाध्यक्ष दीपक महालहा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

युवा संवाद में संस्था प्राचार्य आरके चोलकर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कॉलेज का विस्तृत परिचय दिया। कार्यक्रम में पीयूष शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी की मांग करने के बजाय, अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करके उद्यमी बनना चाहिए और दूसरों को रोजगार देने वाला बनना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि देश युवा सोच के साथ आगे बढ़ेगा, और आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए युवाओं को राष्ट्र हित में अपना योगदान देना होगा। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने विद्यार्थियों से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत देश रक्षा अनुसंधान से लेकर मोबाइल टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र में पूर्णतः आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होंने सभी को स्वदेशी वस्तुओं और स्थानीय ग्रामीण से लोकल वस्तुएं क्रय करने की प्रेरणा दी।

सांसद ने विद्यार्थियों को विदेशी वस्तुओं का पूर्णतः त्याग करने संबंधी शपथ एवं संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में संस्था स्टाफ सदस्य प्रबल गौर, लखन लाल कोरी, शैलेंद्र सिंह राजपूत, हरिओम नरवरे, नीलेश गोर, आशीष चौरे, प्रवेश चौरे, अंकित मिश्रा, आदि के साथ-साथ 150 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### श्रीगुरुनानक कप क्रिकेट प्रतियोगिता 12 से

**इटारसी।** गांधी स्टेडियम में श्री गुरुनानक कप का आयोजन किया जाएगा। किंग्स इलेवन पंजाब इटारसी द्वारा आयोजित श्री गुरुनानक कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 नवंबर बुधवार को किया जाएगा। आयोजन प्रमुख मन्नी छाबड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजन का यह द्वितीय वर्ष है। प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता का आयोजन गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें विभिन्न टीमों के बीच टेनिस बॉल से मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन 16 नवंबर रविवार को होगा। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 41 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए इनाम सहित ट्राफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों का सम्मान होगा।

खबर संक्षेप

### अंडर-22 ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**हरदा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने नेहरू स्टेडियम में अंडर-22 आयु वर्ग के युवाओं के लिए ट्रायल आयोजित किए। इन ट्रायलों में जिलेभर से 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 16 खिलाड़ियों का चयन जिला क्रिकेट टीम के लिए किया गया है। यह टीम आगामी 13 या 14 नवंबर को नर्मदापुरम संभाग में खेलने जाएगी। क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव हेमंत गोस्वामी ने बताया कि हरदा जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से इन ट्रायलों का आयोजन किया गया था। इसमें हरदा, खिरकिया, सिराली, टिमरनी और हंडिया के 40 खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों का चयन करने के लिए सागर यूनिवर्सिटी की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विशेष रूप से उपस्थित थे। खिलाड़ियों ने टर्फ पिच पर बॉलिंग और बैटिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसके बाद 16 खिलाड़ियों को जिला टीम के लिए चुना गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोच महमूद कुरैशी, राजू तिवारी, एस.के. बोहरे और रंजीत विश्नोई सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कोच कुरैशी ने यह भी बताया कि नर्मदापुरम में आयोजित हो रही अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता में हरदा की टीम फाइनल में पहुंच गई है।

### जिले में नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने निषेधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पर्यावरण संरक्षण, जनसुरक्षा और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है और आगामी 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिन किसानों को अपने खेतों की जुताई करनी है, वे रोटावेटर या अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग कर अवशेषों को मिट्टी में मिला सकते हैं। यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने वाले जिन किसानों की भूमि दो एकड़ से अधिक तथा पाँच एकड़ से कम है, उन्हें प्रति घटना पाँच हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। इसी प्रकार जिन किसानों की भूमि पाँच एकड़ या उससे अधिक है, उनसे प्रति घटना पंद्रह हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नरवाई न जलाने के लिए किसानों को प्रेरित करें।

### कृषि आधारित उद्योग पर 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे।


श्रीरामकथा में चरित्र निर्माण, कर्तव्य बोध, पर्यावरण व राष्ट्र निर्माण का भी संदेश

# संत भ्रम दूर कर ब्रम्ह के पास ले जाते हैं: मदनमोहन महाराज

### बच्चों में भौतिक के साथ भावनात्मक विकास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरि और हर की कृपा से नर्मदा तट के पुनीत नगर हरदा में हरिकथा की गंगा प्रवाहित हो रही है। जब मैं यहां देखता हूं तो सब वंदनीय है यहां कोई निंदनीय नहीं है, सब शिवावतार है। कभी-कभी जब हम कहते हैं कि माला फेरत जुग गया तो आपको लगता होगा कि यह कहना क्या चाहते हैं। हम तो भजन करने ही आएं हैं, लेकिन जो भी महापुरुष जब कुछ बोलता है तो वह खुद नहीं बल्कि परमात्मा की मर्जी से बोलता है। इस सृष्टि में प्रत्येक जीव शंकर का साधक है। अगर कोई आनंदमय है तो उसका शंकर आनंद में है और अगर कोई परेशान हैं तो उसके अंदर अंतर्कलह चल रहा है। श्रीरामकथा में केवल गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित ग्रंथ का ही पाठ नहीं होता बल्कि रामचरित्र से राष्ट्र चरित्र तक की यात्रा हम यहां करते है। रामकथा ही सही चरित्र निर्माण, कत्र्तव्यबोध, पर्यावरण के साथ ही धर्म नीति से राष्ट्र नीति और समाज निर्माण का बोध कराती है। उक्त



विचार वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक मदनमोहन महाराज ने पांचवें दिन की कथा प्रारंभ करते हुए व्यक्त किए। कच्छकड़वा पाटीदार भवन हरदा में मस्तरामदास त्यागी महाराज की तपोभूमि आश्रम सेवा समिति के माध्यम से आयोजित इस पांचवें दिन की कथा का शुभारंभ महामंडलेश्वर बाल योगी बालकदास महाराज, चिड़ावा राजस्थान के संत सेवक दास महाराज के सानिध्य में कथा यजमान प्रहलाद शर्मा, कौशल्या शर्मा, पुष्करराव सीमाराव, हरिशंकर राठौर शोभा राठौर द्वारा श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करते हुए किया गया।

#### ज्ञानी समदर्शी होता है समवर्ती नहीं

कथावाचक मदनमोहन व्यास महाराज ने कहा कि ज्ञानी समदर्शी होता है समवर्ती नहीं। विवेक अनुसार निर्णय लेना ही सच्चा ज्ञान है। उन्होंने इस दौरान संतों की महिमा का भी भरपूर उल्लेख किया। संत शांतिकारी होते है, भ्रांतिहारी होते है और कभी कभी जब धर्म और संस्कृति का हनन होता है तो वह क्रांतिकारी भी हो जाते है। वैसे तो संतों का ह्दय करुणामय और मायामुक्त होता है। वह अजात शत्रु होते है। जब उनका सानिध्य प्राप्त होता है तो जिस तरह एक बच्चा मां के साथ खेलते खेलते मातृभाषा सीख जाता है उसी तरह संतों के सानिध्य से ब्रम्ह ज्ञान प्राप्त हो जाता है। संत हमारा भ्रम दूर करते है और ब्रम्ह के करीब लाते है। साधु संत हमें ऐसा कुछ देते नहीं है, लेकिन वह हमारी आत्मा का आवरण भंग करते हुए हमें यथार्थ के धरातल से परिचय कराने का मार्गदर्शन प्रदान करते है।

#### पूर्व मंत्री कमल पटेल ने लिया आशीर्वाद

श्रीराम कथा दौरान मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री कमल पटेल तथा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर भी कथा का श्रवण करने पहुंचे थे। उन्होंने कथा विश्राम दौरान श्रीरामचरित मानस का पूजन अर्चन करते हुए श्री व्यास जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि संत मुनियों के सत्संग और श्रीराम कथा का सौभाग्य एक साथ ब्रम्हलीन श्री मस्तराम बाबा त्यागी के आशीर्वाद से प्राप्त हो रहा है। संतों के चरणों में बैठकर प्रभु की लीला का रसास्वादन करने का सौभाग्य बिना प्रभु कृपा के प्राप्त नहीं हो सकता।

पटेल की 150वीं जयंती पर

## टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी पदयात्रा आज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत के तहत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सरदार 150 यूनिटी मार्च (पदयात्रा) निकाली जा रही है। इस कार्यक्रम का मकसद युवाओं में देशभक्ति, एकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन पर आधारित है। टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में यह पदयात्रा 11 नवंबर को सुबह 8 बजे नए बस स्टैंड से शुरू होगी। पदयात्रा सूर्याटावर, शुक्रवार बाजार और राधाबाई पुलिया होते हुए शासकीय कॉलेज परिसर तक पहुंचेगी।

#### सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शुरू होगी यात्रा

हरदा विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा 11 नवंबर को दोपहर 3 बजे अजनाल घाट पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शुरू होगी। यह यात्रा धर्मशाला, घंटाघर चौक, नगर पालिका गेट, सब्जी मंडी, नारायण टॉकिज और कालिमाता मंदिर से होते हुए नेहरू स्टेडियम (गेट नंबर 04) पर समाप्त होगी। इस पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को ह्यएक भारत, आत्मनिर्भर भारतह्ण का संदेश देना है। आयोजन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जैसे सरदार पटेल ने देश को एकजुट किया था, उसी भावना को यह मार्च आगे बढ़ाएगा।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें।

सीबीएसई बोर्ड की उत्कृष्ट काउंसलर है

## सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी की प्राचार्य को रिकॉग्नाइज्ड एजुकेशनल अवार्ड मिला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

खिरकिया क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि जिले के श्रेष्ठतम विद्यालय सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी खिरकिया की प्राचार्य सोनाली पारे स्कूल लीडर के साथ-साथ शिक्षाविद के रूप में प्रत्येक शैक्षिक बैठक में भी कुशल नेतृत्व कर्ता है। भोपाल में आयोजित एसआरएम इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिष्ठित कार्यक्रम में सोनाली पारे के व्यक्तित्व को महिमा मंडित करते हुए रिकॉग्नाइज्ड एजुकेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षणिक नेतृत्व कर्ता व अन्य शिक्षाविद शामिल थे। सोनाली पारे सीबीएसई बोर्ड की उत्कृष्ट काउंसलर है। अपने प्रतिभाशाली नेतृत्व से शिक्षा के प्रति गहन दृष्टिकोण और शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते हुए सूर्योदय ग्लोबल अकैडमी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। प्राचार्य सोनाली पारे की इस अप्रतिम उपलब्धि को जानते हुए विद्यालय के प्रबंधक पंकज जी सांड, भागवत सिंह तोमर और सुभाष सिंह राजपूत ने श्रीमती पारे को बधाइयां व शुभकामनाएं दी। विद्यालय परिवार को उन पर गर्व है सूर्योदय परिवार सोनाली पारे की निरंतर प्रगति व उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

व्यवसायिक एवं औद्योगिक विषयों का महत्व पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार हुआ

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा को पुनः परिभाषित करने की दिशा में साहसिक कदम: डॉ. पांडेय

**रहटगांव।** एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य मे व्यवसायिक एवं औद्योगिक विषयों का महत्व विषय पर आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय वेबीनार का गूगल मीट के माध्यम से विधिवत रूप से प्रारम्भ किया गया। वेबीनार संयोजक डॉ. राकेश सिंह परस्ते विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया एवं वेबिनार की संकल्पना पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। उद्बोध श्रृंखला में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार गौर ने उद्बोधन दिया। इस दौरान महाविद्यालय मुख्य संरक्षक डॉ.मथुरा प्रसाद, सह संरक्षक डॉ. संगीता



बिले के साथ आमंत्रित अतिथियों, शिक्षाविदों एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों का स्वागत संबोधन दिया। ततपश्चात अग्रणी महाविद्यालय हरदा की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने कहा कि संसाधन के अभाव मे किये गए। इस आयोजन से प्रतीत होता है कि महाविद्यालय प्रगति कि ओर अग्रसर है। तत्पश्चात मुख्य संरक्षक डॉ. मथुरा प्रसाद ने भी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अपने आशीष वचन के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को किसी न विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ से आमंत्रित डॉ. रामकिंकर पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा को पुनः परिभाषित करने की दिशा में एक साहसिक कदम है। यदि इसे समानता, पारदर्शिता और निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ लागू किया जाता है, तो इसमें एक ऐसी पीढ़ी तैयार करने की क्षमता है। समापन सत्र में संयोजक डॉ. राकेश सिंह परस्ते ने वेबीनार का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय वेबिनार के अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से 165 से अधिक शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं समस्त स्टॉफ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से जुड़े।

राष्ट्रीय ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर स्वदेशी जागरण का आयोजन

## दत्तोपंत ठेंगड़ी की जीवनी पर प्रकाश डालकर याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



पीएमश्री शासकीय महाविद्यालय हरदा में राष्ट्रऋषि एवं स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ के शिल्पकार श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच हरदा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दत्तोपंत ठेंगड़ी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर डॉ एल एन पाराशर द्वारा श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही, स्वदेशी जागरण मंच जिला संयोजक नरेंद्र राठी ने स्वदेशी, स्वाबलंबन पर छात्र छात्राओं से चर्चा की। महाविद्यालय से डॉ वी के विछोतीया स्वदेशी से दर्शन सिंह गहलोद , शैलेश साबू , डॉ राजेश दीक्षित, अरुण मालवीय, उपस्थित रहे।

निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

## खरपतवार नाशक पीने वाली 42 वर्षीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के एक निजी अस्पताल में सोमवार सुबह एक 42 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला खंडवा जिले के नादियाखेड़ा गांव की रहने वाली थी। उसने रविवार सुबह पति से विवाद के बाद गुस्से में आकर चारा मार दवा (खरपतवार नाशक) पी ली थी। सोमवार सुबह 6 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका मंजू बाई पति दुर्गाप्रसाद यादव (42) के पति ने बताया कि रविवार सुबह भैंस लगाने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच बहसबाजी हुई थी। इसी के बाद मंजू बाई ने गुस्से में आकर घर पर रखी चारा मार दवा का सेवन कर लिया था।

महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि दवा पीने के कुछ देर बाद महिला को उल्टियां होने लगीं। इस पर वे उसे पहले खिरकिया के सरकारी अस्पताल ले गए थे। वहां उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल हरदा रेफर किया गया था। जिला अस्पताल से परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसे भर्ती कराया गया था। यहीं उपचार के दौरान सोमवार सुबह 6 बजे उसकी मौत हो गई। जिसके बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मृतिका के पति ने बताया कि उनकी दो बेटी और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो गई है। जबकि तीन बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे है।

मैराथन के बाद आवासीय खेलकूद विद्यालय में लोगों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया गया

# मैराथन दौड़ के माध्यम से स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया, विजेताओं को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

रविवार को रोटरी क्लब सीहोर, इनर व्हील क्लब एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। इस मैराथन में हजारों की संख्या में नगरवासियों, युवाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह शहर के इंदौर नाके के आगे एसआर विहार से विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, तथा रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विपुल चांडक, नेहा विजयवर्गीय द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं रैली का समापन शहर के आवासीय विद्यालय भोपाल नाके पर किया गया। करीब पांच किलोमीटर तक चली इस भव्य मैराथम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे। समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विजेताओं को



पुरस्कार वितरण किया। वहीं क्लब और रेडक्रास के द्वारा नपाध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत किया। मैराथन के पश्चात आवासीय खेलकूद विद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी टीम द्वारा नागरिकों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसका निर्देशन डॉ. सुमित बामनिया द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में लगभग हजारों लोग उपस्थित रहे। रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, तथा रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विपुल चांडक, नेहा विजयर्गीय द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं विजेताओं की घोषणा की गई। मैराथन फेस्टीवल में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्काउट गाइड, विद्यार्थियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ इंदौर नाके के आगे से आरंभ हुई और भोपाल नाके स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर संपन्न हुई। इस दौरान रास्ते में लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

## भाजपा नगर मंडल की मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में रविवार को भाजपा कार्यालय में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि निर्वाचन आयोग के द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान लोकतंत्र को सशक्त करेंगा। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया और राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा का स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सन्नी महाजन, रवि नागले, धर्मेन्द्र राठौर, मोहन चौरसिया, राजेन्द्र राजपूत आदि शामिल थे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रत्येक मतदाता के नाम, पते और पहचान का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को लोकतंत्र को सशक्त करने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहाकि नगर मंडल में 92 बूथ है।